6. प्रत्यक्ष प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) और मोबाइल आधारित प्वाइंट ऑफ सेल (एम-पीओएस

6.1 पूर्व-अपेक्षाएं

	भुगतानकर्ता/क्रेता			प्राप्तकर्ता / व्यापारी			
		एम-पीओएस	पी-पीओएस	एम-पीओएस		पी-पीओएस	
स्मार्ट फोन		अपेक्षित नहीं है। फिर भी, अपडेट्स, अलर्ट प्राप्त करने के लिए अपेक्षित है।	अपेक्षित नहीं है। फिर भी, अपडेट्स, अलर्ट प्राप्त करने के लिए अपेक्षित है।		मोबाइल प्वॉइंट ऑफ सेल डिवाइस को कनेक्ट करने के लिए जरूरत पड़ती है		जरूरत नहीं पड़ती है
मोबाइल एप		अपेक्षित नहीं है।	अपेक्षित नहीं है।		मोबाइल पीओएस अटैचमेंट/डिवाइस को सपोर्ट करने के लिए मोबाइल एप		जरूरत नहीं पड़ती है
फीचर फोन		अपेक्षित नहीं है। फिर भी, अपडेट्स, अलर्ट प्राप्त करने के लिए अपेक्षित है।	अपेक्षित नहीं है। फिर भी, अपडेट्स, अलर्ट प्राप्त करने के लिए अपेक्षित है।		सपोर्ट नहीं किया गया है		जरूरत नहीं पड़ती है
बैंक खाता		बैंक खाते की जरूरत पड़ती है	बैंक खाते की जरूरत पड़ती है		बैंक खाता अपेक्षित पड़ती है		धन व्यापारी के बैंक खाते (चालू खाता) में अंतरित किया जाता है

आधार		अपेक्षित नहीं है।	अपेक्षित नहीं है।		जरूरत नहीं पड़ती है		अपेक्षित नहीं है।
डेबिट / क्रेडिट / प्रीपेड कार्ड		प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस पर स्वाइप करने के लिए कार्ड	प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस पर स्वाइप करने के लिए कार्ड		अपेक्षित नहीं है		अपेक्षित नहीं है।
पिन		कार्ड के लिए पिन अपेक्षित है	कार्ड के लिए पिन अपेक्षित है		जरूरत नहीं पड़ती है		अपेक्षित नहीं है।
बैंक के यहां पंजीकृत आधार नंबर		अपेक्षित नहीं है	अपेक्षित नहीं है		जरूरत नहीं पड़ती है		अपेक्षित नहीं है।
मोबाइल नेटवर्क		अपेक्षित नहीं है। फिर भी, खाते के अपडेट्स की अधिसूचनाओं के लिए अपेक्षित है।	अपेक्षित नहीं है। फिर भी, खाते के अपडेट्स की अधिसूचनाओं के लिए अपेक्षित है।		मोबाइल नेटवर्क की जरूरत पड़ती है		डिवाइस को मोबाइल फोन / मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से जोड़ने की जरूरत पड़ती है
इंटरनेट		अपेक्षित नहीं है।	अपेक्षित नहीं है।		लेनदेन को प्रोसेस करने के लिए इंटरनेट के नेटवर्क पर डाटा का आदान-प्रदान		लेनदेन को प्रोसेस करने के लिए इंटरनेट के नेटवर्क पर डाटा का आदान-प्रदान

कार्ड स्वाइप अटैचमेंट		अपेक्षित नहीं है।	अपेक्षित नहीं है।		मोबाइल से कनेक्ट करने के लिए हार्डवेयर की जरूरत पड़ती है		व्यापारी के साथ प्रत्यक्ष पीओएस डिवाइस की जरूरत पड़ती है
एमएमआईडी / अन्य कोड		अपेक्षित नहीं है।	अपेक्षित नहीं है।		जरूरत नहीं पड़ती है		जरूरत नहीं पड़ती है
बैंक के यहां पंजीकृत मोबाइल नंबर		अपेक्षित नहीं है। फिर भी, खाते के अपडेट्स की अधिसूचनाओं के लिए अपेक्षित है।	अपेक्षित नहीं है। फिर भी, खाते के अपडेट्स की अधिसूचनाओं के लिए अपेक्षित है।		अपेक्षित नहीं है। फिर भी, खाते के अपडेट्स की अधिसूचनाओं के लिए अपेक्षित है।		वैकल्पिक। अधिसूचनाएं / एसएमएस अलर्ट प्राप्त करने के लिए।

6.2 निहित कदम

6.2.1 व्यापारी / प्राप्तकर्ता के लिए

I.	

II.	mswipe. Launch the application
III.	Swipe your customers card 0000 0000 0000 0420 VISA mswipe.

IV.	mswipe. Enter the card holders mobile number & email address
V.	mswipe. Obtain your customers signature

VI.	

6.2.2 **क्रेता / भुगतानकर्ता के लिए**

बैंक से डेबिट / क्रेडिट कार्ड प्राप्त करें	
विक्रेता से पीओएस मशीन पर अपने डेबिट / क्रेडिट कार्ड को स्वाइप करने के लिए कहें। (पीओएस मशीन दो प्रकार की होती है : स्वाइप एवं इंसर्ट)	

भुगतान के लिए विक्रेता द्वारा डाली गई रकम चेक करें और पिन डालें। सुनिश्चित करें कि कोई भी आपका पिन नहीं देख रहा है।	
I. रसीद जेनरेट करें	 SureGifts ARTEE INDUSTRIES LTD (PARK N SHO P) - P/H 26/01/2015 15:21:17 2044628T SUREGIFT PAYMENT www.suregifts.com.ng APPROVED ***CUSTOMER COPY*** RefCode 00053 TIN 2044628T Voucher Code 49452614 APPROVED Transaction successful. ************* N 200.00 ************* ARTEE INDUSTRIES LTD (PARK N SHO P) - P/H ***TAMSLITE 5.0.2*** www.iisysgroup.com 014545934

6.3 प्वॉइंट ऑफ सेल अंतरणों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्र.) पीओएस का मतलब क्या है?

सामान्यतया "चेक आउट" के नाम से विख्यात प्वाइंट ऑफ सेल ऐसा स्थान है जहां माल या सेवाओं की बिक्री के लिए लेनदेन होता है तथा ग्राहक अपनी खरीददारियों के लिए भुगतान कर सकते हैं। यह इलेक्ट्रानिक नकदी रजिस्टर का एक विकल्प है तथा इसे पीओएस टर्मिनल कहा जाता है, जो कुछ और न होकर चेकआउट के लिए प्रयुक्त हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर दोनों का एक संयोजन है।

प्र.) प्वाइंट ऑफ सेल हार्डवेयर क्या करता है?

प्वाइंट ऑफ सेल हार्डवेयर पीओएस सिस्टम के लिए उपकरण है जिसमें कार्ड रीडिंग मशीन, प्रिंटर, नकदी रजिस्टर और कंप्यूटर सिस्टम शामिल हैं।

प्र.) क्रेडिट / डेबिट मशीनें किस तरह काम करती हैं?

प्रोसेसर को डाटा भेजने के लिए क्रेडिट कार्ड मशीनें इंटरनेट, फोन लाइन, मोबाइल डिवाइस या कंप्यूटर से विशिष्ट रूप से कनेक्ट होती हैं। अधिकांश क्रेडिट कार्ड प्रोसेसर के मामले में, ग्राहक के बैंक से व्यापारी के खाते में धन का अंतरण होता है। कुछ मामलों में क्रेडिट कार्ड प्रोसेसर व्यापार खाते का अनुरक्षण करते हैं और आपकी ओर से धन रखते हैं और फिर आपके विवेक पर आपके चेकिंग खाते में उनको सीधे जमा करते हैं।

प्र.) क्रेडिट / डेबिट कार्ड मशीन तथा पीओएस सिस्टम में अंतर क्या है?

कार्ड मशीन केवल कार्ड रीडर एवं पिन पैड होती है, जबकि पीओएस सिस्टम एक पूर्ण चेकआउट टर्मिनल है जो क्रेडिट कार्ड मशीन, मॉनीटर या टेबलेट, कैश रजिस्टर, प्रिंटर एवं अन्य पेरिफरल के साथ आता है। पीओएस सिस्टम अतिरिक्त साफ्टवेयर या एप के साथ भी आते हैं जो सूची को ट्रैक करते हैं, बिक्री की निगरानी करते हैं, डिस्काउंट जनरेट करते हैं, वित्तीय रिपोर्टें तैयार करते हैं, विपणन तथा अन्य विशेषताओं के साथ मदद करते हैं।

प्र.) व्यापार खाता क्या है?

व्यापार खाता व्यवसायियों को क्रेडिट कार्ड स्वीकार करने की अनुमति प्रदान करता है। यह ग्राहक के बैंक से आपके बैंक में भुगतान का डाटा भेजता है तथा क्रेडिट कार्ड से लेनदेन को अधिकृत करता है। क्रेडिट कार्ड प्रोसेसर द्वारा या सीधे किसी वित्तीय संस्था, विशिष्ट रूप से किसी बैंक द्वारा व्यापार खाते की पेशकश की जाती है। सामान्यतया व्यवसायियों को व्यापार खाते के लिए आवेदन करना होता है तथा इसे अनुमोदित कराना होता है। तथापि जैसा कि ऊपर बताया गया है, सभी क्रेडिट कार्ड प्रोसेसर के लिए व्यापार खाता अपेक्षित नहीं है।

प्र.) क्या मैं क्रेडिट कार्ड मशीन के साथ आईफोन, आईपैड, एंड्रायड तथा अन्य मोबाइल डिवाइसों का प्रयोग कर सकता हूँ?

कुछ क्रेडिट कार्ड मशीनें टैबलेट से सुसंगत हैं परंतु आईफोन, आईपैड, एंड्रायड तथा अन्य मोबाइल डिवाइसों के साथ क्रेडिट कार्ड को स्वीकार करने का सबसे सामान्य तरीका क्रेडिट कार्ड स्वाइपर का प्रयोग करना है। यह छोटा डोंगल मोबाइल फोन या टैबलेट पर हेडफोन या आग्जीलरी प्लग से अटैच हो जाता है तथा प्रोसेसर के मोबाइल एप का प्रयोग करके क्रेडिट कार्ड को प्रोसेस करता है। मोबाइल डिवाइस का प्रयोग करके क्रेडिट कार्ड को स्वीकार करने का एक अन्य तरीका वर्चुअल टर्मिनल

का प्रयोग करना है जो ऐसी विशेषता है जो आपको मैनुअल रूप में एप में क्रेडिट कार्ड को डालने की अनुमति प्रदान करती है।

प्र.) एनएफसी क्या है?

एनएफसी प्रौद्योगिकी क्रेडिट कार्ड को स्वाइप किए बगैर व्यवसायियों को उन्हें स्वीकार करने की अनुमति प्रदान करती है। मोबाइल भुगतान स्वीकार करने के लिए आपको एनएफसी समर्थकृत क्रेडिट कार्ड मशीन जैसे कि एप्पल पे, एंड्रायड पे या सैमसंग पे की जरूरत होती है।

प्र.) डेबिट कार्ड क्या है?

डेबिट कार्ड भुगतान की एक अन्य विधि है। जब डेबिट कार्ड से माल या सेवाओं का क्रय किया जाता है तो ग्राहक के चेकिंग खाते से धन निकल जाता है। मानक एटीएम कार्डों के अलावा अनेक बैंक Visa® चेक कार्ड और / या मास्टर कार्ड® चेक कार्ड भी जारी करते हैं तथा दोनों का ही प्वाइंट ऑफ सेल पर या आनलाइन प्रयोग किया जा सकता है।

प्र.) डेबिट कार्ड से लेनदेन के प्रमुख प्रकार क्या हैं?

डेबिट कार्ड से लेनदेन को पिन डेबिट (ग्राहक से पिन डालने की अपेक्षा होती है), सिग्नेचर डेबिट (किसी पिन की अपेक्षा नहीं होती है), आनलाइन बिल भुगतान तथा आनलाइन डेबिट के माध्यम से संपन्न किया जा सकता है। आज डेबिट कार्ड से लेनदेन प्वाइंट ऑफ सेल भुगतान की तेजी से बढ़ रही विधि है। भुगतान की इस विधि की स्वीकृति लोकप्रिय बनी हुई है

क्योंकि ग्राहक और व्यापारी दोनों ही माल एवं सेवाओं के क्रय के लिए डेबिट कार्ड के प्रयोग की सरलता एवं सहूलियत की सराहना कर रहे हैं।

प्र.) पिन डेबिट तथा सिग्नेचर डेबिट में क्या अंतर है?

डेबिट के इन दो विकल्पों के बीच अंतर यह है कि पिन (व्यक्तिगत पहचान संख्या) का प्रयोग प्वाइंट ऑफ सेल पर होता है। जब पिन का प्रयोग होता है तो तुरंत कार्ड धारक के उपलब्ध धन से भुगतान का आहरण हो जाता है। जब सिग्नेचर डेबिट से लेनदेन होता है तो धन का आहरण तब तक नहीं होता है जब तक कि लेनदेन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है – अक्सर बिक्री के 2 से 4 दिन बाद भुगतान का आहरण होता है।

प्र.) स्वाइप लेनदेन में निहित प्रवाह प्रक्रिया क्या है?

डेबिट / क्रेडिट कार्ड से लेनदेन पूरा करने के लिए कार्ड रीडर (पी ओ एस) पर कार्ड को स्वाइप किया जाता है, रकम डाली जाती है और फिर कार्ड धारक द्वारा मैनुअल रूप में पिन को पंच करना होता है। अधिप्रमाणन पर रसीद सृजित होती है और भुगतान पूरा हो जाता है।

प्र.) पीओएस के लिए कनेक्टिविटी के उपलब्ध विकल्प क्या हैं?

आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल), पीएसटीएन (पब्लिक स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क) और जीपीआरएस

प्र.) कनेक्टिविटी के विभिन्न विकल्पों में अंतर क्या है?

आईपी

सीधे लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) या वाइड एरिया नेटवर्क (वैन) से जुड़े कार्ड भुगतान टर्मिनल। इसके लिए ब्रॉड बैंड के कनेक्शन की जरूरत होती तथा यह लगभग 5 सेकंड में कार्ड प्रोसेसिंग का प्राधिकार प्रदान करता है।

पीएसटीएन (पब्लिक स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क)

टेलीफोन लाइन के माध्यम से जुड़े कार्ड भुगतान नेटवर्क। इसमें टेलीफोन लाइन का रेंटल शामिल होता है तथा लगभग 30 सेकंड में कार्ड प्रोसेसिंग का प्राधिकार प्रदान करता है। हम प्रत्येक टर्मिनल के लिए एक टेलीफोन लाइन की सिफारिश करते हैं।

जीपीआरएस (जनरल पैकेट रेडियो सर्विस)

सिम कार्ड का प्रयोग करके मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से जुड़े कार्ड भुगतान टर्मिनल आपको टर्मिनल को कहीं भी ले जाने में समर्थ बनाते हैं जहां ग्राहक भुगतान करना चाहता है तथा यह लगभग 10 सेकंड में कार्ड भुगतान का प्राधिकार प्रदान करता है।

प्र.) **एमपीओएस समाधान क्या है?**

मोबाइल प्वाइंट ऑफ सेल (एमपीओएस) वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ कस्टमर ग्रेड हैंड हेल्ड डिवाइस (उदाहरण के लिए स्मार्ट फोन या टैबलेट) है जिसका प्रयोग भुगतान कार्डों को स्वीकार करने के लिए किया जाता है। एमपीओएस समाधान में विशिष्ट रूप से निम्नलिखित शामिल हैं :

- मोबाइल डिवाइस – वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ कस्टमर ग्रेड मोबाइल फोन या टैबलेट डिवाइस

- कार्ड रीड करने की सुविधा (संपर्क, संपर्क रहित या दोनों)
- भुगतान की सुविधा को सपोर्ट करने वाला मोबाइल एप (एप्स)
- सर्विस साइड साफ्टवेयर
- सीवीएम कैप्चर करने की क्षमता (उदाहरण के लिए पिन की इंट्री, सिग्नेचर कैप्चर)

प्र.) **क्या कार्ड धारक को रसीद प्रदान करने के लिए एमपीओएस समाधान अपेक्षित है?**

एमपीओएस समाधान ऐसा होना चाहिए जो कार्ड धारक को रसीद प्रदान करने के कार्य को अवश्य सपोर्ट करे।

प्र.) क्या एंड्रायड डिवाइसों पर अप्लीकेशन के काम करने के लिए मुझे कोई इंटरनेट डाटा प्लान लेने की जरूरत होगी?

जी हां, आपकी एंड्रायड डिवाइस के लिए इंटरनेट डाटा कनेक्शन (सीडीएमए, जीपीआरएस, ईडीजीई, 3जी, 4जी) अथवा किसी सक्रिय वाईफाई नेटवर्क तक अक्सेस की जरूरत होगी।

प्र.) एमडीआर क्या है?

यह लेनदेन की रकम का प्रतिशत है जिसे प्राप्तकर्ता बैंक क्रेडिट कार्ड स्वीकार करने के लिए प्राधिकार प्रदान करने हेतु व्यापारी से वसूलता है।

प्र.) एमडीआर के घटक क्या हैं?

व्यापारी का डिस्काउंट रेट = इंटरचेंज फीस + प्रोसेसिंग फीस + नेटवर्क ब्रांड फीस

व्यापारी का डिस्काउंट रेट वह है जो व्यापारी प्राप्तकर्ता को भुगतान करता है। इंटरचेंज फीस वह है जिसका प्राप्तकर्ता द्वारा जारीकर्ता को भुगतान किया जाता है। प्रोसेसिंग फीस वह है जिसका जारीकर्ता बैंक और प्राप्तकर्ता बैंक द्वारा उनके प्रोसेसर के लिए भुगतान किया जाता है। नेटवर्क ब्रांड फीस वह है जिसका जारीकर्ता एवं प्राप्तकर्ता बैंक द्वारा कार्ड संघ जैसेकि वीजा / मास्टर कार्ड को भुगतान किया जाता है।

प्र.) व्यापारी स्थापना करार क्या है?

व्यवसायी तथा क्रेडिट कार्ड सेवा प्रदाता के बीच संविदा। व्यापारी करार में उन नियमों एवं जिम्मेदारियों का उल्लेख होता है जो भुगतान कार्ड की स्वीकृति, प्राधिकार, प्रोसेसिंग एवं निस्तारण के संबंध में प्रत्येक पक्ष पर लागू होते हैं। व्यापारिक करार में शुल्कों एवं प्रभारों का भी उल्लेख होता है जिनका भुगतान व्यापारी द्वारा सेवा प्रदाता को किया जाएगा। इसमें इस बात का उल्लेख होता है कि सेवा प्रदाता भुगतान कार्ड के लेनदेन को हैंडल करने के लिए दरों का किस तरह निर्धारण करता है तथा यह परिभाषित करता है कि किन शर्तों के अधीन प्रत्येक पक्ष संविदा को नवीकृत या निरस्त कर सकते हैं।

प्र.) क्यू आर कोड क्या है?

क्यू आर कोड (जो क्विक रिस्पांस कोड का संक्षिप्त रूप है) एक प्रकार के मैट्रिक्स बारकोड (या दो आयामी बारकोड) के लिए ट्रेड मार्क है। बारकोड मशीन द्वारा पठनीय आप्टिकल लेबल है जो उस मद के बारे में सूचना रखता है जिससे यह अटैच होता है। इस कोड का ऐसा नाम इसलिए रखा गया कि कोड के विकास का मुख्य प्रयोजन ऐसा कोड सृजित करना था जिसे शीघ्रता से पढ़ा जा सके।

प्र.) क्यू आर कोड के विभिन्न प्रयोग क्या हैं?

विभिन्न मोबाइल डिवाइस आपरेटिंग सिस्टम पर क्यू आर कोड का प्रयोग किया जा सकता है।

बैंक खाते की सूचना या क्रेडिट कार्ड की सूचना के भंडारण के लिए क्यू आर कोड का प्रयोग किया जा सकता है अथवा भुगतान प्रदाता के विशिष्ट अप्लीकेशन के साथ काम करने के लिए विशिष्ट रूप से इनको डिजाइन किया जा सकता है।

वेबसाइटों पर लॉगइन करने के लिए क्यू आर कोड का प्रयोग किया जा सकता है।

प्र.) क्यू आर कोड को कैसे स्कैन करें और भुगतान संबंधी लेनदेन को कैसे पूरा करें?

अपने फोन को क्यू आर कोड को पढ़ने में समर्थ बनाने के लिए आपके पास क्यू आर कोड स्कैनिंग एप होना चाहिए अथवा उस पर क्यू आर कोड स्कैनिंग साफ्टवेयर इंस्टाल होना चाहिए।

चरण :

- गूगल प्ले स्टोर पर जाएं और नि:शुल्क क्यू आर कोड रीडर एप डाउनलोड करें – आपके स्मार्ट फोन के आधार पर फाइल का आकार लगभग 3 एम बी होना चाहिए।
- एप लांच करें

यह अपने आप क्यू आर कोड को स्कैन करेगा तथा अपेक्षित सूचना प्रदान करेगा / भरेगा तथा लेनदेन को पूरा करेगा।